# बाल भारती पब्लिक स्कूल , पीतमपुरा

## अधिन्यास पत्र     कक्षा - चौथी     १७.०४.२०२०

## विषय - अपठित गद्यांश

**नाम-__________ कक्षा -_______**

**प्रश्न १) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

सूरज टी.वी. देख रहा था तभी माँ ने आवाज़ लगाई -"सूरज टी.वी. बंद करके खाना खाओ |"सूरज टी.वी. बंद करके जैसे ही खाने बैठा, उसे टी. वी. से कुछ आवाज़ सुनाई दी |टी.वी. कह रहा था, "सूरज मेरी तरफ देखो, मैं टी. वी. बोल रहा हूँ |मैं अपने बारे में तुम्हें कुछ बताना चाहता हूँ |"सूरज बोला, "हाँ- हाँ बोलो मैं सुनना चाहता हूँ |"तो सुनो, मैं विज्ञान का अनोखा चमत्कार हूँ |मुझे जे. एल. बेयर्ड ने बनाया था |कार्टून, गाने, खेल, समाचार सभी कुछ मैं दिखा सकता हूँ | तुम जब भी उदास हो तो मेरे पास आ जाया करो |पर जब तुम देर तक मुझे देखते हो तो मैं थक जाता हूँ और इससे तुम्हारी आँखें भी ख़राब हो सकती हैं | तुम मुझमें ज्ञान बढ़ाने वाले कार्यक्रम भी देखा करो और मेरा प्रयोग समय से किया करो |ऐसा करने से हम और तुम लंबे समय तक मित्र बने रहेंगें |

**क) दिए गए शब्दों के समान अर्थ बताने वाले शब्द गद्यांश में से ढूँढ़ कर लिखिए |**

१) भोजन-____________ २) जननी - ____________

**ख) खाली स्थान पर सही शब्द चुनकर लिखिए |**

१) सूरज *(टी. वी. / पुस्तक)* देख रहा था | ____________

२) *( माँ/दीदी )*ने सूरज को आवाज़ लगाई | ____________

**ग) देर तक टी. वी. देखने से क्या होता है?**

______________________________________________

______________________________________________

**घ) टी.वी. ने सूरज को किस तरह के कार्यक्रम देखने की सलाह दी?**

______________________________________________

______________________________________________

**ड.) दिए गए खाली स्थान में गद्यांश में से ढूँढ़कर सही शब्द लिखिए |**

१ )"मैं ____________ का अनोखा चमत्कार हूँ |"

२ ) "मुझे ____________ ने बनाया था |"

# जीवन कौशल गतिविधि

## (life skill activity)

आजकल के इस कठिन समय में हमारे सहायक --डॉक्टर, नर्स, पुलिस, सफाई कर्मचारी आदि दिन रात हमारी सेवा में लगे हुए हैं |इनके योगदान को पहचानते हुए एक धन्यवाद संदेश कार्ड बनाएँ |